प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने एनटीए को नीट–यूजी का रिजल्ट शहर और केंद्रवार वेबसाईट पर 20 जुलाई दोपहर 12 बजे तक अपलोड करने का दिया आदेश, पेपर लीक मामले में सीबाआई ने रिम्स से फर्स्ट इयर की छात्रा को हिरासत में लिया।

- झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 26 जुलाई से होगा शुरू, दो अगस्त तक चलनेवाले सत्र में कुल छह कार्यदिवस होंगे।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं रांची, पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद।

- केंद्र सरकार ने दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड को स्पार्क और मेदिनीनगर नगर निगम को प्रेज अवार्ड से किया सम्मानित।

*****************

नीट पेपर लीक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने एनटीए को 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक नीट–यूजी 2024 के परिणाम शहर और केंद्रवार वेबसाईट पर अपलोड करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने कहा कि परीक्षा परिणाम में एनटीए अभ्यर्थियों की पहचान को गुप्त रखे। इधर पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने कल रांची स्थित रिम्स से फर्स्ट ईयर की छात्रा को हिरासत में लिया है। वहीं पटना एम्स से भी चार मेडिकल छात्रों को भी गिरफ्तार किया गया है।

*****************

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 26 जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में झारखंड कैबिनेट सत्र संचालन के लिए अधिसूचना जारी कर देगी। सूत्रों के अनुसार मॉनसून सत्र 26 जुलाई से 2 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में कुल छह कार्यदिवस होंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस सत्र के काफी हंगामेदार होने की संभावना है।

*****************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल एक दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। इस दौरान वे भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अगमन को लेकर झारखंड में चल रहे नक्सल अभियान और गतिविधियों पर आज डीजीपी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक रद्द कर दी गयी है। गृह मंत्री की सुरक्षा को लेकर झारखंड मंत्रालय में बैठक होनी है, जिसमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी समेत कई अधिकारी शामिल होंगे। इसलिए नक्सल समीक्षा की बैठक को रद्द कर दिया गया।

*****************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई आगे वाले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहनों से दोगुना टोल वसूल करेगा। प्राधिकरण ने कहा कि जान बूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। इस संबंध में सभी उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड को स्पार्क– सिस्टमैटिक प्रोग्रेसिव एनालिटिकल रियल टाइम रैंकिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया है। साथ ही मेदनीनगर नगर निगम को प्रेज– परफॉर्मेंस रिकॉग्निशन फॉर एसेस टू फिनांसियल इनक्लूजन एंड स्ट्रीट वेंडर इम्पावरमेंट अवार्ड दिया गया। दोनों अवार्ड केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नगर विकास सचिव अरवा राजकमल को दिया। बताते चलें कि दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत राज्य के कई शहरों में बेहतर काम किया गया है।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना केंद्रीय कानून मंत्रालय ने जारी कर दी है। बता दें कि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी 20 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं और आज उनका अंतिम कार्य दिवस है।

*****************

झारखंड के राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और सीबीआई को शपथ पत्र के माध्यम से अद्यतन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब अदालत इस मामले में दो सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। दरअसल कुछ वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट को राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए दिशा निर्देश दिये थे।

*****************

गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 की शुरूआत की है। मानस यानी मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिक मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी साझा कर सकते हैं तथा नशामुक्ति और पुनर्वास पर सलाह लेने के लिए 24 घंटे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से जुड़ सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई बहुत महत्वपूर्ण है और इसे गंभीरता से और प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना चाहिए।

*****************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने हजारीबाग दारू प्रखंड के राजस्व कर्मचारी सिमन्त दत्त और उनके सहयोगी दलाल तालेश्वर कुमार उर्फ छोटन को 40 हजार रुपया घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। संतोष कुमार ने एसीबी में आवेदन दिया था कि रजिस्ट्री जमीन के म्यूटेशन के एवज में 60 हजार रुपया घूस की मांग की गई है।

*****************

जल शक्ति अभियान के मुख्य नोडल अधिकारी और भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में संयुक्त सचिव रूपेश कुमार ठाकुर ने कल कोडरमा में जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रैन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कोडरमा प्रखंड के पांडेडीह में बने अमृत सरोवर में पानी की उपलब्धता देख खुशी जतायी और जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

*****************

झारखंड में अबतक सामान्य से कम बारिश होने से धान की खेती पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। हजारीबाग में पानी की कमी से धान का बिचड़ा सूखने लगा है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों ने नीट यूजी का परीक्षा परिणाम 20 जुलाई दोपहर बारह बजे तक शहर और केंद्रवार जारी करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की खबर को प्रमुखता दी है इसके अलावा–

प्रभात खबर ने जुलाई तक 49 प्रतिशत कम बारिश होने से 11 जिलों में धान की रोपनी प्रभावित होने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान ने मैक्लुस्कीगंज में पुल बनवा रहे मुंशी की हत्या की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर ने बंग्लादेशी घुसपैठ पर अदालत को गुमराह करने पर अधिकारियों को फटकार लगाने की हाईकोर्ट की खबर को प्राथमिकता दी है। वहीं रांची एक्सप्रेस ने रिम्स के पुनर्विकास और विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के साथ विचार–विमर्श की खबर को प्राथमिकता दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने गोंडा में एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने और कुछ लोगों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************